68 संस्थाओं ने 2500 करोड़ के निवेश का इरादा जताया

मेगा टेक्सटाइल पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय की प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ-हरदोई की सीमा पर विकसित किये जाने वाले मेगा टेक्सटाइल पार्क में 68 संस्थाओं ने 2500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इकाइयां स्थापित करने की इच्छा जतायी है। यह निवेश यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों से इतर है। इनमें से आठ संस्थाओं ने मंगलवार को राज्य सरकार के साथ इस संबंध में समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी हस्ताक्षरित किए।

मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने कुल 1000 एकड़ जमीन चिह्नित की है। इनमें से 800 एकड़ भूमि लखनऊ के माल-मलिहाबाद और 200 एकड़ हरदोई के संडीला क्षेत्र में है। राज्य और केंद्र सरकार के बीच हुए एमओयू के तहत पार्क में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र 500 करोड़ रुपये देगा। एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्सटाइल पार्क में निजी क्षेत्र की सहभागिता से स्थापित की जाने वाली ऐसी इकाइयों को, जो न्यूनतम 50 रोजगार देती हों, को उप्र वस्त्र और परिधान नीति-2022 के तहत पांच वर्षों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट बिजली टैरिफ सब्सिडी व अन्य प्रोत्साहन दिए जाएंगे। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पार्क की स्थापना से लखनऊ टेक्सटाइल हब बनेगा।

उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें